# आंगनबाड़ी केंद्र से उच्च शिक्षा तक हो एक सततता

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर ने हुए कार्यक्रम को किया संबोधित, आंगनबाड़ी वर्करों को बांटी किट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र से लेकर उच्चशिक्षा तक एक सततता होनी चाहिए, जिससे विकसित भारत का सपना साकार हो सके और सपनों का साकार करन का कार्य हम सभी का दायित्व है। देश और प्रदेश में इस दिशा में कार्य हो रहा है। राज्यपाल दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लिंगानुपात को बेहतर बनाने का प्रयास होना चाहिए। बेटी को बचाने के लिए कार्य होना चाहिए। बेटियों का बेहतर ढंग से पालन पोषण होना चाहिए। कहा कि 6 वर्ष की बच्चियों का प्रवेश विद्यालयों और 3 वर्ष की बच्चियों को आंगनबाड़ी केंद्र में दिलाया जाए। बेटियां आज सब कुछ कर सकती हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि फूल खिलता है तो उसे खिलने का अवसर दो। जो बच्चे खेलेंगे, वह खिलेंगे। कहा कि देश भर में नारी सशक्तिकरण के लिए काम हो रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा मुद्रा योजना एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को मजबूत किया जा रहा है। यह परिवर्तन हम अपनी आंखों के सामने देख सकते हैं।

राज्यपाल ने 9 से 14 वर्ष की सभी बच्चियों को कैंसररोधी एचपीवी वैक्सीन लगाने को प्रेरित किया और विद्यालय खुलने पर बच्चियों का एचपीवी टीकाकरण कराने की बात कही। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी विचार रखे। कृषि, उद्यान, पंचायतीराज, बाल विकास, ग्राम्य विकास, बेसिक शिक्षा एवं वन विभाग के स्टालों का भ्रमण कर जानकारी ली। विश्व पर्यावरण दिवस पर परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह व डीएफओ भरत कुमार डीके मौजूद रहे। इससे पहले डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं एसपी अभिषेक सिंह ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं एडीएम सौरभ शुक्ला और सीडीओ केके सिंह ने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर का स्वागत किया।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संसाधन किट और लाभार्थियों को प्रशस्तिपत्र एवं डमी चेक सौंपे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 200 संसाधन किट वितरित की गई। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 100 प्रशस्ति पत्र वितरित किए। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले लाभार्थियों को 100 आयुष्मान कार्ड वितरित किये।

05 क्षय रोगियों को पोषण पोटली, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के 02 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, 03 किसानों को कृषि यंत्र प्रमाणपत्र, ओडीओपी टूल किट प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 02 लाभार्थियों को टूलकिट, ओडीओपी के तहत हिना परवीन समेत 05 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 03 और एनआरएलएम के तहत 51 लाभार्थियों को डमी चेक वितरित किये।

- विभागों विभागों के स्टॉलों का भ्रमण कर ली जानकारी
- मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में हुए कार्यक्रम में किया पौधरोपण

### बच्चों ने पेश किए कार्यक्रम तो राज्यपाल ने सौंपे गिफ्ट पैक

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम पेश किए। आंगनबाडी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बच्चों ने ग्रुप डांस एवं राम आएंगे तो आंगना सजाऊंगी, देश रंगीला रंगीला आदि गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान राज्यपाल ने कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों की सराहना करते हुए सभी को गिफ्ट पैक दिए। उपाधि महाविद्यालय की छात्राओं ने नारी सशक्तीकरण पर भाषण और कविता सुनाई। कार्यक्रम के समापन पर बरखेड़ा विधायक ने राज्यपाल को रामलला की प्रतिमा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीगणेश प्रतिमा, डीएम ने स्मृति चिह्न सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिमा और बांसुरी भेंट की। कार्यक्रम में नगर पालिका पीलीभीत अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, पूरनपुर चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, नगर पंचायत बरखेड़ा चेयरमेन श्यामबिहारी भोजवाल, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बरखेड़ा कमलेश गंगवार, अपूर्व सिंह, रेखा सिंह परिहार, रितुराज पासवान, सुखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### ...और इंतजार करने में ही बीता वक्त

मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। बड़े नेताओं को बुलावा देख कार्यक्रम में तमाम छुटभैय्ये नेता भी जा पहुंचे। इतना ही नहीं, यह छुटभैये नेता राज्यपाल से मुलाकात की आस में बुके लेकर गेस्टहाउस और मंच के आसपास मंडराते रहे, लेकिन कार्यक्रम के अंतिम दौर तक सभी इंतजार करते ही रह गए।



राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट करतीं मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार



मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में पौधरोपण करतीं राज्यपाल। ● अमृत विचार



बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे को प्रमाण पत्र सौंपती राज्यपाल। ● अमृत विचार



राज्यपाल को बांसुरी भेंट करतीं नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व अन्य लाभार्थी। ● अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज में भी किया गया पौधारोपण

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। एकेडमिक ब्लॉक में प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा के नेतृत्व में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए। ग्राम गजरौला कलां स्थित पंचायत भवन में भी पौधारोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से जागरुकता का संदेश दिया। सामुदायिक चिकित्सा विभाग की सह आचार्य डॉ. हुमा खान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। फिजियोलॉजी विभाग के डॉ. मुकेश पांडे, कमलेश, कम्युनिटी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. वर्तिका अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रेयसी के निर्देशन में छात्रों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



मेडिकल कॉलेज में पौधारोपण करती प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा।

## ली शपथ... पर्यावरण संरक्षण ही जीवन का आधार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान विकास समिति के तत्वाधान की ओर से गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता गोष्ठी हुई। चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। इसमें फलक और संध्या ने बाजी मारी।

प्रधानाचार्य अनीता रानी, शिक्षिका नीतू सिंह, निर्मला गंगवार, मंजू सिंह, क्लब के संसाधित व्यक्ति लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर जोर दिया। बताया कि हम जल का उपयोग समझदारी के साथ करें। पॉलीथिन और प्लास्टिक को ना कहें, बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जाएं। इस दौरान शपथ भी दिलाई गई।

# हेलीकाप्टर से लखनऊ रवाना हुई राज्यपाल, तब खुल सका जाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड पहुंचीं और हेलीकाप्टर से लखनऊ के रवाना हो गई। इधर राज्यपाल के पुलिस लाइन आने के दौरान टनकपुर हाईवे का यातायात बंद कर दिया। राज्यपाल की रवानगी के बाद यातायात तो सुचारू किया गया, मगर जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी पड़ गई।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिवसीय जनपद दौरे पर बीते बुधवार सुबह 10 बजे पीलीभीत पहुंची थीं। जिला कारागार में कार्यक्रम और कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक के बाद राज्यपाल मुस्तफाबाद गेस्टहाउस रवाना हो गईं। शाम को उन्होंने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका बीच पहुंचकर वक्त बिताया। इधर गुरुवार को मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दोपहर करीब 12.15 बजे राज्यपाल को काफिला पुलिस लाइन के लिए रवाना हुआ। 1 बजे राज्यपाल पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंची और पांच मिनट बाद हेलीकॉप्टर से लखनऊ के रवाना हो गईं। इधर राज्यपाल के पुलिस लाइन आने से करीब 30 मिनट पहले ही टनकपुर हाईवे पर बैरीकेडिंग लगाकर यातायात बंद कर दिया। पीलीभीत-माधोटांडा रोड के सभी लिंक मार्गों पर पुलिस तैनात कर दी गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात देखी की गई। कलेक्ट्रेट परिसर को भी पुलिस ने अपनी सुरक्षा में ले लिया। राज्यपाल के आगमन वाले रूट पर ट्रैफिक क्लीयर किया गया। यातायात बंद होने से गौहनिया चौराहे पर खासा जाम लग गया। दोपहर करीब 1.05 बजे राज्यपाल के रवाना होने के बाद टनकपुर हाईवे पर यातायात सुचारू किया गया। मगर, ट्रैफिक खुलते ही जाम की स्थिति पैदा हो गई। गौहनिया चौराहे पर तो वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के साथ पुलिस कर्मियों ने एक-एक कर वाहन निकलवाए। गौहनिया चौराहे पर पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

- पुलिस लाइन आने के दौरान टनकपुर हाईवे पर यातायात बंद
- ट्रैफिक पुलिस को जाम खुलवाने के लिए करनी पड़ी मशक्कत



शहर के नकटादाना चौराहे से गुजरता राज्यपाल का काफिला।



ट्रैफिक खुलने के बाद गौहनिया चौराहे पर लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

### अधिकारियों ने ली राहत की सांस

राज्यपाल के दौरे का कार्यक्रम 30 मई को ही जिला प्रशासन को मिल गया था। पूरा सरकारी अमला तैयारियां में जुट गया था। राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर डीएम, एसपी से लेकर लगभग सभी जनपदस्तरीय अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए थे। इसके अलावा अन्य अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी अधिकारी दिन रात तैयारियों में जुटे रहे। गुरुवार को राज्यपाल के रवाना होने के बाद ही अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# बेहटी: संगोष्ठी में दिया पौधरोपण पर जोर

**बिलसंडा, अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को गांव बेहटी में ग्रामीण किसान कल्याण समिति एवं सामाजिक वानिकी के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी हुई, जिसमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए आधिकारिक पौधे लगाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान गांव के एक सूखे सरोवर को जल से भरा गया और उसके चारों ओर आम, जामुन, करौदा, वेल, नीम, और पाकड़ के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्रा चंचल ने की, जबकि मुख्य अतिथि पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदेव सिंह रहे। पौधे लगाने और गोपालन करने पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा पॉलिथीन का प्रयोग न करने का आग्रह किया गया। वन सेक्शन अधिकारी राकेश कुमार ने वृक्षों के संरक्षण के महत्व पर बल दिया।

गंगाराम मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंधक सीताराम राठौर, उमादेवी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नीरज गुप्ता, अधिवक्ता मुनीश जायसवाल, ग्रामीण किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह, संरक्षक मुकेश सक्सेना एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, बरखेड़ा के वन सेक्शन अधिकारी सुरेश कुमार गंगवार, राजेश कुमार, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार, और कृष्णा नरेश महाविद्यालय गौहनियां के प्राचार्य वीके सिंह, डायरेक्टर पार्थ अग्रवाल, देवेंद्र पटेल, पूर्व प्रधान उमेश पटेल, मुनेंद्र पटेल, प्रधान नितिन वर्मा, सुरेश पटेल, पंडित रतिराम आदि मौजूद रहे।



गांव बेहटी में पौधा रोपित करते समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने तहसील में रोपित किए पौधे



**बीसलपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गुरुवार को एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने स्टाफ संग तहसील परिसर में पौधरोपण किया। एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीने के लिए एक-एक सांस का महत्व है। यह सांस तभी संभव है जब हम पर्यावरण को संतुलित बनाए रखें। अगर हमारी लापरवाही से पर्यावरण असंतुलित हो गया तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस मौके पर तहसीलदार आशीष गुप्ता, नायब तहसीलदार अवधेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, वीरपाल यादव, लेखपाल गौरव मिश्रा, गोपाल, नवल किशोर आदि मौजूद रहे।

# पौधे लगाकर भूल न जाना, देखभाल का जिम्मा भी निभाना



ललौरीखेड़ा में पौधरोपण करते एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन रोड पर पौधे वितरित करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया। साथ ही दूसरों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक किया जाता रहा। सामाजिक संगठन भी इस मुहिम में शामिल हुए।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नवगृह वाटिका में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पौधे भी रोपित किए। अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सब मिलकर अच्छा वातावरण तैयार करने में सहयोग कर सकते हैं। खाली जगह पर पौधारोपण करें, जिससे आने वाली पीढ़ियों को अच्छा वातावरण मिल सके। वृक्षों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, आबकारी आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक आदि मौजूद रहे। भारत विकास परिषद टाइगर शाखा पीलीभीत ने पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत पर स्टेशन रोड पर एक दुकान के बाहर पहुंचकर पौधों का वितरण किया।

पर्यावरण संयोजक डॉ. अनुरीता सक्सेना ने कहा कि भारत विकास परिषद इस बार भी 11 जून तक पर्यावरण सप्ताह मना रहा है। इसी के तहत यह कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सहजन, तुलसी, नीम, गुड़हल, अमरूद आदि विभिन्न प्रजातियों के करीब 150 पौधे वितरित किए गए। जिन लोगों को पौधे दिए गए उनको ये भी शपथ दिलाई कि वह इसकी देखभाल और सुरक्षा भी करेंगे।

### एसएसबी जवानों ने भी किया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 49वीं वाहिनी एसएसबी के अफसर कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। डीआईजी एसएसबी अनिल कुमार शर्मा के निर्देशन में संयुक्त पौधरोपण कार्यक्रम ललौरीखेड़ा में हुआ। स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया गया। कहा कि यह प्रयास न केवल पर्यावरणीय चेतना को सशक्त करता है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व को भी रेखांकित करता है। एसएसबी जवानों ने परिवार संग मिलकर पौधे रोपित किए।



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवगृह वाटिका में पौधरोपण करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

### विकास की गतिविधियों ने हमें कर दिया प्रकृति से दूर

जन शिक्षण संस्थान की ओर से ब्लॉक बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पतरासा कुंवरपुर में जागरूकता संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि सभासद सुशीला देव रही। उन्होंने कहा कि हम पृथ्वी पर प्राकृतिक पर्यावरण की हर संभव रक्षा करें ताकि स्वस्थ जीवन की संभावना पृथ्वी पर हमेशा बनी रहे। सहायक कार्यक्रम अधिकारी अशरफ हुसैन ने कहा कि कहीं न कहीं विकास की गतिविधियों ने हमें प्रकृति से दूर कर दिया है। हमारी कई प्राकृतिक धरोहर समाप्त हो गई हैं। हमारे गलत व्यवहार के कारण हमारे कई पसंदीदा खाद्य पदार्थ धरती से विलुप्त होने की स्थिति में है। हमारी कुछ गलतियों जैसे बिजली का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, औद्योगीकरण, सीवेज का सीधे नहरों व नदियों में निपटान, पॉलीथिन का हानिकारक आविष्कार एवं इस्तेमाल आदि पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस मौके पर माया देवी, उषा देवी आदि मौजूद रहे।

## जन-जन तक पहुंचाएं नीतियां और जोड़ें

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक गुरुवार के गांव भैंसहाग्वालपुर में हुई। ब्लॉक अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह मौर्य ने कहा कि सभी कार्यकर्ता कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं।

लोगों को संगठन से जोड़ें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करें। इस मौके पर जयराम वर्मा, छेदालाल पाल, ओमप्रकाश भारती, छत्रपाल, शिवचरन, अभिषेक कुमार, भीमसेन, नोनी राम मौर्य, रविपाल, गुलशन कुमार, द्वारिका प्रसाद, राम कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# शहीद के घर पहुंचे राज्यमंत्री, परिवार से मिले

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सिक्किम में भूस्खलन में शहीद हुए सैनिक पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम धुरिया पलिया के निवासी लखविंदर सिंह के आवास पर गुरुवार को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार पहुंचे।

उन्होंने शहीद लखविंदर सिंह के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। परिवार वालों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। बता दें कि शहीद के पिता गुरदेव सिंह खेती करते हैं। इससे पूर्व उनके एक चचेरे भाई मन तेज सिंह भी शहीद हो गए थे। राज्यमंत्री ने शहीद के बच्चों संग भी समय बिताया और दुलार किया।



शहीद लखविंदर के परिवार संग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार





## शहर में आज

- समाधान विकास समिति समेत अन्य संगठनों की ओर से पर्यावरण सप्ताह को लेकर कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- कालिका देवी मंदिर पतरसिया में यज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- पकड़िया वाले महाराज गांव डंडिया राझे में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा दोपहर 12 बजे।
- बिलसंडा के श्रीहनुमान मढ़ी स्थल पर श्रीराम कथा एंव अमृत वर्षा महोत्सव शाम 6.30 बजे।

# विवाहिताओं की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

## बरखेड़ा क्षेत्र के पतरसिया और जहानाबाद के मिश्रनटोला में हुई घटना, एक का फंदे पर तो दूसरे ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा

संवाददाता, पीलीभीत/बरखेड़ा

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में अलग-अलग स्थानों पर दो विवाहिताओं की मौत हो गई। एक शव ससुराल में फंदे पर लटका मिला, जबकि दूसरी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसकी मौत जहरीला पदार्थ खाने से होने की आशंका जताई गई है। दोनों मामलों में ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल संबंधित थानों की पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

मूल रूप से अमरिया थाना क्षेत्र के गूलरबोझ के रहने वाले खूबकरन की पुत्री जशोदा देवी (25) की शादी करीब चार साल पहले जहानाबाद क्षेत्र के मोहल्ला कच्ची हवेली निवासी रमेश छौर पुत्र श्रीराम राठौर से हुई थी। बुधवार देर शाम विवाहिता की सुसराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव ससुराल में कमरे के भीतर फंदे से लटका मिला। परिवार वाले कमरे में पहुंचे और शव लटका देखा तो होश उड़ गए। इसकी जानकारी मिलने पर गुरुवार सुबह मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे और हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरो लगाया। उनका कहना था कि ससुराल वाले आए दिन विवाहिता से मारपीट करते थे। दहेज की भी मांग की जा रही थी। इसी को लेकर हत्या करने की आशंका जताई। सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। फारेंसिक टीम की मदद से सुरागरसी की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


बरखेड़ा क्षेत्र में हुई घटना के बाद विलाप करते मृतका के परिजन। ● अमृत विचार


जहानाबाद क्षेत्र में हुई घटना के बाद मौके पर सुरागरसी करती फारेंसिक टीम।


मृतका जसोदा देवी।


मृतका कमलेश।

### बरखेड़ा में पति समेत चार एफआईआर

विवाहिता कमलेश की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता वासुदेव की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसमें पति पतरसिया गांव निवासी राजेश कुमार, ससुर पूरनलाल, सास और शिवम को आरोपी बनाया है। इसमें जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

### दो मासूमों के सिर से उठा मां का साया

इस घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। आसपास के लोग भी जमा हो गए थे। पुलिस ने मृतका के परिजन के साथ ही आसपास के ग्रामीणों से संपर्क कर दंपती के बीच संबंध को लेकर जानकारी हासिल की। मृतका के दो पुत्र है। इनमें बड़ा पुत्र तीन साल और छोटा महज डेढ़ साल का है। उनके सिर से मां का साया उठ गया। घर पर पुलिस की आवाजाही और भीड़ के बीच उनका भी रोकर बुरा हाल रहा।

### विवाहिता की मौत के बाद हंगामा, बोले: जहर देकर मार डाला

इधर, बरखेड़ा क्षेत्र में भी घटना हुई। जहानाबाद क्षेत्र के खंडारा गांव के रहने वाली कमलेश (26) पुत्री वासुदेव की शादी 17 फरवरी 2024 को बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पतरसिया के निवासी राजेश कुमार से हुई थी। कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को परेशान करते रहे। बुधवार देर शाम विवाहिता को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी गुरुवार सुबह मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंचे और हंगामा किया। उनका आरोप था कि लंबे समय से ससुराल वाले बेटी को परेशान करते थे। जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है। परिजन पर रोकर बुरा हाल रहा।

# बैंक खाता खुलवाने के बहाने बाइक पर लाया और की छेड़छाड़

**माधोटांडा, अमृत विचार:** मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिता संग गई किशोरी से एक युवक ने छेड़छाड़ की। माधोटांडा पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने माधोटांडा थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी का निधन 25 अप्रैल को हो गया था। इसके बाद पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 4 जून को 12 वर्षीय पुत्री के साथ वकील माइकल के घर पूरनपुर के पंजाब कॉलोनी गए थे। उसने उन्हें घर पर ही रोक लिया था। 5 जून को आरोपी ने कहा कि पुत्री का बैंक खाता भी खुलना है। इसे लेकर वह अपने साथ ले गया। ये कह दिया कि पीड़ित सीधे माधोटांडा पहुंच गए। इस पर वह ऑटो से चले गए और आरोपी बाइक पर बेटी को ले गया। बेटी खारजा नहर के पास एक स्थान पर बेटी पेड़ के नीचे बैठी मिली। काफी लोग इकट्ठा थे। इस पर पुत्री से पूछा तो बताया कि आरोपी माइकल ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। शोर पर लोग जमा हुए तो आरोपी किशोरी को छोड़कर चला गया था। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को ग्राम हेतम नगला का रहने वाला सचिन वर्मा बहला फुसलाकर ले गया। तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं लग सका है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### गलत तरीके से हटाने का लगाया आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मंडी समिति परिसर स्थित किसान भवन में गुरुवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें भाकियू भानु के पूर्व मंडल अध्यक्ष चिंटू ठाकुर उर्फ यशपाल ने संगठन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना था कि उन्हें कुछ समय पहले ही जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद उनसे अलग-अलग माध्यमों से मांग की जाती रहीं, जिनके पूरा न करने पर पद से हटा दिया गया है।

### हादसे में ग्रामीण घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कस्बे के वार्ड नंबर छह मोहल्ला कादरी नगर के शखावत पुत्र शेर मोहम्मद साप्ताहिक बाजार में फल का ठेला लगाते हैं। बुधवार देर शाम ठेला लेकर घर जा रहे थे। बरखेड़ा पीलीभीत मार्ग पर गांधी आश्रम के पास पहुंचते ही डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# सपा ने मासिक बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर


बीसलपुर में हुई बैठक में मौजूद सपा नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक गुरुवार को हुई। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव एवं विधानसभा प्रभारी दिनेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कराई, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। संगठन जिसे टिकट दे, उसी को सब मिलकर चुनाव लड़ाएं। सपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि कार्यकर्ताओं में किसी प्रकार का मतभेद नहीं होना चाहिए। गांव में चौपाल लगाकर समाजवादी पार्टी द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं। मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान में अपराध अधिक है। फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पाता। ऐसे में जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को उठाएं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, प्रदेश सचिव आनंद सिंह यादव, हरपाल लोधी, चौधरी प्रदीप सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# डगा पुल के बाद एक और पुल में दरार

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार:** अभी चार माह पूर्व दरार पड़ने पर बंद किए गए डगा पुल को सुधारा नहीं जा सका था कि राहगीरों की एक और मुसीबत बढ़ गई। तहसील कलीनगर क्षेत्र में ही हरदोई ब्रांच नहर के पुल में दरारें पड़ने पर आवागमन बंद करा दिया गया है। इससे आगामी दिनों में दिक्कत और बढ़ना तय है। फिलहाल मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची व जानकारी की। इस पुल से आवागमन बंद करा दिया गया है।

बता दें कि तहसील कलीनगर क्षेत्र में माधोटांडा खटीमा मार्ग पर बने डगा पुल में दरार आने पर 7 मार्च की शाम से आवागमन बंद करा दिया गया था। पुल के दोनों तरफ दीवारें बना दी गई थी और ड्यूटी लगाई गई। कई बार एक दूसरे विभागों की जिम्मेदारी तय की जाती रही, लेकिन अभी तक इस पुल का सुधार नहीं हो सका है। इतना जरूर कि पैदल और दुपहिया वाहन चालकों ने बनवाई गई दीवार तोड़कर निकलना शुरू कर दिया था। इस पुल के बंद होने के बाद माधोटांडा-पीलीभीत मार्ग पर कलीनगर के पास बने हरदोई ब्रांच नहर पुल से होकर बड़े वाहन गुजर रहे थे।


कलीनगर के पास हरदोई ब्रांच नहर पुल पर दरार पड़ने पर आवागमन बंद कराने को लगाया बैरियर। ● अमृत विचार

- कलीनगर के पास हरदोई ब्रांच नहर पुल से भी आवागमन बंद
- अब चित्तरपुर के पुल पर बढ़ेगा लोड, राहगीरों की दिक्कत बढ़ी

मगर, गुरुवार को ये पुल भी बंद करना पड़ गया है। बताते हैं कि इस पुल में भी दरारें पड़ गई। इसकी जानकारी लगने पर टीमें पहुंची और जानकारी की। फिलहाल एहतियातन पुल से आवागन बंद करा दिया गया है। बैरियर लगाने के साथ ही दोनों तरफ दीवार बनवाने की भी तैयारी की गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब अगर किसी को पूरनपुर-पीलीभीत माधोटांडा होकर जाना है तो बताते हैं कि उसे अधिक चक्कर लगाकर चित्तरपुर पुल से होकर जाना होगा। ऐसे में अब चित्तरपुर पुल पर भी लोड बढ़ना तय है। फिलहाल पुराने पुल के ठीक हुए बिना दूसरे पुल से आवागमन बंद होने से दिक्कत बढ़ेगी। टीमें मौके पर पहुंच गई और इसे लेकर जानकारी करती रही।

# महिला की जान लेने वाले बाघ को पकड़ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- संपूर्णानगर रेंज की वन कर्मियों की टीम पहुंची, जुटाती रही लोकेशन
- नल पर पानी भरने गई महिला पर किया था हमला

**अमृत विचार:** घर के बाहर लगे नल पर पानी भरने गई महिला की जान लेने वाले बाघ को पकड़ने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसे लेकर संपूर्णानगर रेंज से वनकर्मियों की टीम पहुंची और दिनभर बाघ की लोकेशन का पता लगाने में जुटी रही। बताते हैं कि बाघ को पकड़ने के लिए भी तैयारी की जा रही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जमा रहे।

बता दें कि हजारा थाना क्षेत्र के शांतिनगर गांव के नजदीक संपूर्णानगर रेंज का जंगल है। गांव के ही रामकिशोर खेत पर ही मकान बनाकर परिवार संग रहते हैं। मंगलवार रात उनकी पत्नी रेशमा देवी घर के बाहर लगे नल पर पानी भरने के लिए गई थी। इस बीच जंगल से निकले बाघ ने हमला कर उन्हें निवाला बना लिया था। शव को बाघ करीब तीन सौ मीटर दूर जंगल की तरफ खींच ले गया था। हजारा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर बुधवार शाम को परिवार के सुपुर्द कर दिया था। गुस्साए परिजन ने गांव के बाहर शव रखकर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसे पुलिस ने देर रात खुलवाया था।

इस हमले के बाद हमला करने वाले बाघ को पकड़ने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर संपूर्णानगर वन रेंज की टीमें पूरे दिन जुटी रही। निगरानी टीम को सक्रिय कर दिया गया है। बाघ की लोकेशन टीमें पता लगा रही है। बाघ को रेस्क्यू करने की अनुमति मिलने की बात कही जा रही है। इसे लेकर भी तैयारियां की जाती रही। दुधवा नेशनल पार्क के विशेषज्ञ भी टीम के साथ मौके पर पड़ताल करते रहे। इस दौरान हजारा पुलिस भी मौजूद रही।

# बम निरोधक दस्ता पहुंचा, की गहन जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**गहलुइया कांड**

- चार लोगों के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट, दो का चालान

**अमृत विचार:** पूर्व प्रधान के घर में हुए विस्फोट के बाद गुरुवार को बरेली से बम निरोधक दस्ता गांव पहुंचा। टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्फोट स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके से कई संदिग्ध वस्तुओं को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा है। इस दौरान टीम ने पुलिस के साथ मिलकर पूरे घर की तलाशी ली और साक्ष्य जुटाए। इतना ही नहीं, पुलिस ने इस मामले में पूर्व प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है, जिसमें दो युवकों का चालान कर दिया है।

बता दें कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गहलुइया निवासी मोहम्मद गुलाम के पुत्र ताज मोहम्मद गांव के पूर्व प्रधान हैं। बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे के आसपास मोहम्मद ताज के मकान में अचानक विस्फोट हो गया था। जिससे मकान का लिंटर कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गया था। साथ ही हादसे में पूर्व प्रधान ताज मोहम्मद, पत्नी हसीन बानो, वाहिद अली पुत्र अल्ताफ अली, असलम शेख पुत्र जाकिर नूर शेख घायल हो गए थे।

ग्रामीणों की मदद से चार घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। मामला विस्फोट से जुड़ा होने के चलते घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही एएसपी विक्रम दाहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया था। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गुरुवार को बरेली से बम निरोधक दस्ता टीम को बुलाया था। गुरुवार को दोपहर एक बजे टीम पूरनपुर कोतवाली पहुंची। टीम ने पहले कोतवाली जाकर पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली और फिर गांव जाकर पुलिस द्वारा सील किए गए घर को खुलवाकर जांच शुरू की।

टीम ने विस्फोट स्थल की गहन जांच कर मौके से मिले अवशेषों और अन्य संदिग्ध सामग्री को कब्जे में ले लिया, जिसे वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा जाएगा। टीम ने प्राथमिक तौर पर यह स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की प्रकृति और कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

पूरनपुर कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामले में विस्फोट अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना से जुड़े दो लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ता की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इक्कोहत्तरनाथ मंदिर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर, विधायक भी पहुंचे

**अमृत विचार:** भंडारे में शामिल होने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गुरुवार दोपहर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि अन्य को सीएचसी भर्ती कराया गया।

गांव पिपरिया दुलई निवासी रामनरेश राठौर ने नया ट्रैक्टर लिया है। इस उपलक्ष्य में इक्कोहत्तरनाथ मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी सिलसिले में उनका बेटा सुरेश राठौर गुरुवार दोपहर गांव के करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को ट्रैक्टर ट्रॉली से मंदिर ले जा रहा था। सिरसा रोड पर एक राइस मिल के पास पहुंचते ही अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी को बाहर निकालकर सीएचसी भिजवाया।

दुर्घटना में गणेशश्री, ओमवती, नन्ही देवी, गुड्डी देवी, नत्थों देवी, ट्रैक्टर चालक सुरेश राठौर को चोटें आईं। इनमें से सुरेश और गणेशश्री की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद सीएचसी पर अफरा-तफरी मच गई। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान सीएचसी पहुंचे।

उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य कर्मियों से उपचार की जानकारी ली।

# बिलसंडा को पांच विकेट से हराया

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कालेज मैदान पर चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को बीसलपुर-बिलसंडा के बीच मुकाबला हुआ।

कड़े मुकाबले में गाजी क्रिकेट क्लब बीसलपुर की टीम ने रफीक इलेवन बिलसंडा को पांच विकेट से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर रफीक इलेवन की टीम के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करके 16 ओवर में 131 रन बनाए। जवाब में गाजी क्रिकेट क्लब ने मात्र 10 ओवर में 5 विकेट खोकर इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

मैन ऑफ द मैच राहुल रहे ,जिन्होंने तीन विकेट लेकर शानदार 39 रनों की साझेदारी अपनी टीम के लिए की। जिन्हें बसपा नेता आशु खान द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के आयोजक सुमित जायसवाल,पूर्व चेयरमैन अटल जायसवाल,सभासद सुनील शुक्ला,भाजपा अध्यक्ष संजीव मौर्य,विक्रम गंगवार, सभासद रामकिशोर प्रजापति,उर्वरक व्यापारी आलोक जायसवाल, दिलराज सिंह राजू, नवाब उल्ला खां, व्यापारी नेता मोहम्मद रेहान, देवदत्त सक्सेना, गोपाल कश्यप, मुनीश कश्यप, सुमित गुप्ता, अजीत जायसवाल, अंकित शर्मा, त्रिपुरेश गुप्ता, अंकित जायसवाल, शक्ति, आदेश, आकाश, बंटू जायसवाल, शुभम जायसवाल आदि मौजूद रहे।


विजेता टीम के खिलाड़ी राहुल को ट्राफी सौंपते हुए बसपा नेता आशू खां। ● अमृत विचार

- राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे लीग मैच में कड़ा मुकाबला

**विडंबना** — राज्यपाल के आह्वान पर शुरू हुई मुहिम को नहीं मिल पाया अपेक्षित समर्थन

# टीबी मरीजों को गोद लेने में पिछड़े जिम्मेदार, जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिखाई रुचि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आह्वान पर टीबी मरीजों को गोद लेने की मानवीय पहल शुरू की गई। मगर, जनपद में उदासीनता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

जनपद भर में 2092 टीबी मरीज पंजीकृत हैं, जिनमें 74 एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट) श्रेणी के हैं। इनमें अधिकांश मरीज गरीबी और कुपोषण से भी जूझ रहे हैं। ऐसे में गोद लेने की यह योजना उनके लिए एक उम्मीद थी, लेकिन एक भी जनप्रतिनिधि ने मरीजों को गोद नहीं लिया। बता दें कि राज्यपाल ने वर्ष 2019 में इस अभियान की शुरुआत करते हुए जनप्रतिनिधियों, अफसरों, समाजसेवियों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों से आग्रह किया था कि वे टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण, इलाज और मनोबल बढ़ाने में मदद करें। शुरुआती चरण में तत्कालीन डीटीओ डॉ. राजेश भट्ट और सुपरवाइजर राजेश गंगवार ने दो-दो मरीजों को गोद लेकर अनुकरणीय पहल की थी। इसके बाद कुछ समाजसेवी संस्थाओं ने भी सक्रियता दिखाई। पूरनपुर के समाजसेवी कौशलेंद्र सिंह भदौरिया ने नौ मरीजों को गोद लिया है। पवन स्वीट्स के श्रवण ने चार, रवि शर्मा ने दो, अनिल मैनी ने दो, अवनीत सिंह, अनिल महेंद्र और अमिताभ अग्निहोत्री ने एक-एक मरीज को गोद लेकर सहयोग किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने स्वयं छह मरीजों को गोद लिया है, जबकि अन्य जिला स्तरीय अफसरों में से करीब 190 ने दो से पांच मरीजों को गोद लिया हुआ है। इनमें भी अधिकांश अफसर प्रतिमाह मरीजों को पोषण किट वितरण नहीं कर रहे हैं। सिर्फ कागजी फोरम को पूरा करने के लिए मरीजों को गोद ले रखा है। जिसमें कई जिला स्तरीय अफसर भी शामिल है।

इसके बावजूद जनप्रतिनिधियों की चुप्पी चिंताजनक है। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो जनप्रतिनिधियों ने अभी तक एक भी मरीज को गोद नहीं लिया है। अभी जिले के दो दिवसीय दौरे पर आईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एक बार फिर इस अभियान को पुनर्जीवित करने की कोशिश की। उन्होंने समीक्षा बैठक में अफसरों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे आगे आकर मरीजों को गोद लें ताकि उन्हें न केवल इलाज बल्कि सामाजिक सहारा भी मिल सके।

उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को निक्षय मित्र के द्वारा पोषण पोटली वितरित की जा रही है। कहा कि निक्षय मित्र मरीजों को करीब नौ महीने तक पोषण पोटली दी जाए। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त किया जाए। अगर इस तरह की मानवीय योजनाएं सिर्फ औपचारिकताओं तक सीमित रहीं तो यह लक्ष्य पाना मुश्किल हो जाएगा।




- दो हजार से अधिक टीबी मरीजों की हालत चिंताजनक, अफसरों ने निभाई औपचारिकता

> टीबी मरीजों की संख्या में पहले की तुलना जनपद में ग्राफ काफी नीचे आया है। एमडीआर वाले मरीजों की लगातार निगरानी की जा रही है। मरीजों को गोद लेने के लिए लोगों को आगे आना होगा। तब जाकर इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकेगा। मरीजों को समयबद्ध तरीके से इलाज किया जा रहा है। - **डॉ. एस के सिंह**, जिला क्षय रोग अधिकारी

# लिफ्ट लगाने के नाम पर कपड़ा व्यापारी से 2.80 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दुकान में लिफ्ट लगाने के नाम पर एक व्यापारी से तीन लोगों ने अपने जाल में फंसाकर उनसे 2.80 रुपये की ठगी कर ली। जब काफी समय तक लिफ्ट लगने का काम शुरू नहीं हुआ तो उन्होंने दोनों युवकों से संपर्क किया। इस पर उन्होंने नौकरी छोड़ने की बात कही। उन्होंने लखनऊ में जाकर कंपनी के बारे में पता किया तो वहां कोई ऑफिस नहीं मिला। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के लकड़ी मंडी स्थित एक शोरूम के स्वामी अनुज अग्रवाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह चावला चौराहा पर अपना फर्नीचर शोरूम बनवा रहे हैं। इसमें लिफ्ट लगाने के लिए 10 जनवरी को उनके शोरूम पर विजेंद्र यादव निवासी सीमेंट रोड पूरनपुर और मंजीत यादव आए। उन्होंने अपने आपको एलगी एलीवेटर सिस्टम का कर्मचारी बताते हुए कम रुपये में लिफ्ट लगवा देने की बात कही। उन्होंने कंपनी के सीईओ मोहम्मद हलीम शाह से फोन पर बात कराई। लिफ्ट लगवाने के लिए 5.60 लाख रुपये की मांग की गई, जिसमें से 2.80 लाख रुपये 18 जनवरी को एक्सिस बैंक लखनऊ के एक खाते में मोहम्मद हलीम शाह को ट्रांसफर कराए। रुपये भेजने के छह सप्ताह बाद तक कोई लिफ्ट लगाने नहीं आया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# पिता-पुत्री और दामाद का अंतिम संस्कार

## जहरीली गैस से मौत का मामला: डीएम समेत कई अफसर पहुंचे गांव और परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** सीवर टैंक की सफाई करने के दौरान पुराने टैंक से गैस का रिसीव होने पर दम घुसने से पिता-पुत्री और दामाद की मौत हो गई थी। तीनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। गमगीन माहौल में तीनों के शव का अंतिम संस्कार किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं, मामला शासन स्तर तक पहुंचने के बाद डीएम समेत कई अधिकारी गांव पहुंचे और जानकारी की। गमगीन परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया।

हादसा माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम सेल्हा में हुआ था। गांव के ही प्रह्लाद मंडल (60) मजदूरी करते थे। कुछ दिन पहले घर के पास नया सीवर टैंक बनवाया था। बुधवार को प्रह्लाद मंडल अपनी पुत्री तनु विश्वास (32) और दामाद कार्तिक विश्वास (40) के साथ नए टैंक की सफाई कर रहे थे। इसी बीच बताते हैं कि पुराने टैंक की पाइप टूटने से गैस का रिसीव हुआ और तीनों की दम घुटने से मौत हो गई थी। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया था, जिसके बाद दूसरे दिन शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

हर कोई परिवार में हुई तीन मौतों को लेकर शोक संवेदना व्यक्त करता दिखा। शासन स्तर तक पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और पीड़ित परिवार की मदद के निर्देश दिए। इधर, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने भी प्रशासनिक अधिकारियों को मदद दिलाने के लिए कहा गया। जिसके बाद गुरुवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह समेत कई अधिकारी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। डीएम ने हादसास्थल का भी निरीक्षण किया।

- सीवर टैंक साफ करने के दौरान हुई थी तीनों की मौत मचा कोहराम


मृतक के परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। • अमृत विचार


तीन मौतों की वजह बने सीवर टैंक को देखते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। • अमृत विचार

### आपदा कोष से चार-चार लाख, पेंशन और अन्य योजनाओं का मिलेगा काम

शासन स्तर तक मामला पहुंचने के बाद गुरुवार दोपहर को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह मातहतों के साथ गांव पहुंचे थे। उन्होंने न सिर्फ परिवार को ढांढस बंधाया, बल्कि आर्थिक मदद को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये आपदा कोष और कृषक प्रह्लाद को लेकर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत एक लाख रुपये अलग से मदद की जाएगी। प्रह्लाद की पत्नी को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ दिया जाएगा। वहीं, तनु और कार्तिक की मौत के बाद उनकी तीनों पुत्रियों को बाल सेवा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30 हजार रुपये व अन्त्योदय कार्ड मिलेगा। अन्त्येष्टि के लिए भी डीएम के स्तर से तत्काल व्यवस्था कराई गई थी।


नाना प्रह्लाद मंडल को मुखाग्नि देता नाती प्रतीक। • अमृत विचार

### दंपती को तीन पुत्रियों व नाना को नाती ने दी मुखाग्नि

गुरुवार दोपहर में तीनों शवों का अंतिम संस्कार ग्राम सेल्हा में ही किया गया। मृतक प्रल्हाद मंडल को उनकी दूसरी पुत्री के पुत्र प्रतीक ने मुखाग्नि दी, जबकि तनु और उसके पति कार्तिक को उनकी तीनों पुत्रियों के द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस मार्मिक दृश्य को देख मौजूद ग्रामीणों की आंखें नम हो गई।

# गौहनियां में श्रीविष्णु महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** गांव गौहनियां में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने भाग लिया और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की।

बता दें कि श्री विष्णु महायज्ञ गत नौ दिनों से चल रहा था। महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान किए गए। यज्ञ में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ में आहुतियां दिलाई गईं।यज्ञाचार्य अंकित मिश्रा ने कहा कि श्री विष्णु महायज्ञ हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। यह यज्ञ सुख, समृद्धि और शांति की कामना के लिए किया जाता है। यज्ञ में आहुति देने से व्यक्ति के पापों का नाश होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर प्रांजल मिश्रा, फूलचंद, फूलमती, विनोद कुमार, रामप्रसाद, गेंदनलाल, कृष्णपाल, कढ़ेराम, रामकुमार, शिशुपाल, सोनू गंगवार, ओमप्रकाश, महिपाल, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।


गांव गौहनिया में महायज्ञ में पूर्णाहुति देते हुए श्रद्धालु।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# प्याऊ लगाकर मझोला में बांटा गया शरबत

**मझोला, अमृत विचार:** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की ओर से गंगा दशहरा के मौके पर प्याऊ लगाकर शरबत का वितरण किया गया।

इसकी शुरुआत प्रबंधक सुरेन्द्र मल्ल, प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कराई। प्रधानाचार्य ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। शिशु मंदिर प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने सभी के साथ पौधरोपण किया। हरियाली और स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस मौके पर मनोज शर्मा, अंकित सिंह, रोहित सक्सेना, सुनील कुमार, गजराज, रामवीर सिंह, अमन पाठक, अमित पाण्डेय, अमन तिवारी, विमल, केशव तिवारी, संतोष कुमार, प्रदीप यादव, रंजय मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, हीरा लाल, नीरज, आदेश, मुन्नी देवी, कमला देवी आदि मौजूद रहे।


राहगीरों को शरबत बांटते बच्चे।

# मंगल बाजार में आने वाले सक्षम व्यापारियों का हो पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट स्थित जीएसटी सभागार में एडिशनल कमिश्नर अजय तिवारी ने व्यापारियों, टैक्स अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट संग बैठक की। व्यापारियों को आ रही दिक्कतों का निराकरण करने का प्रयास किया गया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रियांश अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलनी, महामंत्री स्वतंत्र देवल, हरिपाल यादव, टैक्स अधिवक्ताओं की ओर से उमेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मुरली बाबू, चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन की ओर से सीए संचित अग्रवाल, वैभव अग्रवाल आदि शामिल हुए। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने मंगल बाजार में आने वाले सक्षम अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीकरण के लिए प्रेरित करने की बात रखी। कहा कि इसके लिए वहीं पर कैंप भी लगाया जा सकता है। सचल दल की ओर से चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर वाहनों के ड्राइवर का मोबाइल छीने जाने को गैरमानवता पूर्ण बताया। इस दौरान जीएसटी डिपार्मेंट की ओर से व्यापारियों के किए गए बीमा की प्रशंसा की गई। यह मांग की गई कि निजी कर्मचारियों को विभाग से हटाया जाए ताकि शोषण ना हो। एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ने व्यापारियों के बीच कैंप कर जीएसटी पंजीकरण की जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

- चेकिंग के दौरान वाहन चालक का मोबाइल छीनने को बताया गैरमानवतापूर्ण


जीएसटी सभागार में हुई बैठक में शामिल हुए व्यापारी। • अमृत विचार

# भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या...

संवाददाता,बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर के श्रीहनुमान मढ़ी पर चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा, अमृत वर्षा महोत्सव में गुरुवार को श्रीराम जन्मोत्सव कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु पंडाल में झूम उठे। भगवान राम का जन्म होते ही पंडाल में फूलों की वर्षा होने लगी। श्रद्धालुओं ने जमकर मिठाई गोला, मिश्री बांटी।

श्री सुंदर कांड पाठ समूह द्वारा आयोजित रामकथा में फर्रुखाबाद से आए पंडित अम्बरीश तिवारी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती के पश्चात उनके जन्म की कथा का वर्णन किया। कहा कि प्रभु राम का जन्म होते ही अयोध्या पुरी में शहनाई बजने लगी,चारों ओर प्रभु श्री राम के जयकारे लगने लगे। भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भजन सुन कर भक्तों ने तालियां बजाकर श्रीराम के जयकारे लगाए। माखन मिश्री, गोला, मेवा, फल एवं मिष्ठान का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद के रूप में बांटा गया। इस मौके पर महन्त अवधेशानंद गिरि, राजेश मिश्रा राजू, अरविन्द शुक्ला, रजनीश मिश्रा, दिनेश अवस्थी, सचिन मिश्रा, मनोज वर्मा, भोलेनाथ जायसवाल, राजीव त्रिवेदी, सुंदर लाल पटेल, राकेश शर्मा, नीरज गुप्ता, अशोक शुक्ला, दीपक जायसवाल आदि मौजूद रहे।

- श्रीराम जन्म होते ही अयोध्यापुरी में बजी शहनाई
- पंडाल में झूमे श्रद्धालु महिलाओं ने बांटी मिठाई


बिलसंडा में हनुमान मढ़ी पर रामकथा का रसपान करते हुए श्रद्धालु।

# मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर बुजुर्गों को बांटे फल


बुजुर्गों के साथ मौजूद कार्यकर्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय सुभाष आर्मी संगठन की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन गुरुवार को मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को फल वितरित किए। उनके साथ समय बिताते हुए बातचीत की। इस अवसर पर अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह राठौर, आकाश पाठक, प्रेम राठौर, धर्मेंद्र, दीपू, विजय, राजवीर, अंकित, शिवम, नन्हेलाल, राय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा हटाने को कहा तो दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सड़क के बीच खड़े ई-रिक्शा को हटाने के लिए एक दंपती ने कहा तो उनकी पिटाई कर दी गई। ई-रिक्शा चालक ने अपने भाई के साथ मिलकर दंपती पर डंडे से वार किए। थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव सेमरखेड़ा निवासी प्रियंका पत्नी धर्मेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को वह अपने पति के साथ कार से घर जा रही थी। रास्ते में गांव के ही शाकिर, जाफर ने बीच रोड पर ई-रिक्शा खड़ा कर फंटी-बल्लियां उतार रहे थे। दंपती ने ई-रिक्शा को साइड में करने के लिए कहा। इस पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर जहानाबाद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### बड़ाताल पर कराया भंडारा, पौधे भी लगाए



**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को क्रांतिकारी विचार मंच के संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने अपने पैतृक गांव बड़ागांव के बड़ाताल प्राचीन मंदिर पर भंडारा आयोजित किया गया। परिसर में पौधे भी रोपित किए गए। विश्व शांति के लिए वैदिक मंत्रोच्चार से हवन कराया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भजन कीर्तन भी गाए गए। इस मौके पर मोहन स्वरूप आर्य, आंगनलाल, उमाचरण, जानकी प्रसाद, गिरीश चंद्र, सचिन गंगवार, प्रधान हरिओम, सियाराम, छत्रपाल,विवेक कुमार, जगतपाल आदि का सहयोग रहा।

### गायत्री शक्तिपीठ में हुआ यज्ञ, दी आहुतियां



**बीसलपुर, अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ में गुरुवार को गायत्री जयंती, गंगा दशहरा पर्व पर गायत्री यज्ञ एवं गोष्ठी कराई गई। बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यज्ञ में आहुतियां दी। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सत्यपाल सिंह यादव ने कहा कि पतित पावनी गंगा का अवतरण केवल भगीरथ के वंशजों का ही उद्धार करने को नहीं बल्कि पूरे देश की मानवता का उद्धार करने के लिए हुआ। इसी दिन गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपने संकल्पों को पूरा करते हुए महाप्रयाण किया था। इसके अलावा सत मार्ग पर चलकर आचार्य श्रीराम शर्मा का आशीर्वाद व अनुदान वरदान प्राप्त करें। आरती, जयघोष भंडारा भी हुआ। यज्ञ परिवराजक राजेंद्र कुमार ने संपन्न कराया। सत्यपाल सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### बुहिता नाथ शिव मंदिर पर लगा मेला, बांटा शरबत



**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने कई जगह प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत बांटा। माला नदी के किनारे स्थित बुहिता नाथ शिव मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मकरंदापुर चौराहे पर बढ़ैरा के प्रधान देवपाल गंगवार की अगुवाई में प्याऊ लगाया गया। सुबह दस बजे से शुरू हुआ प्याऊ देर शाम तक चला। बुहिता नाथ शिव मंदिर पर गंगा दशहरा के अवसर पर लगे मेले में सुबह से ही भीड़ रही। लोगों ने माला नदी में स्नान किया और फिर पूजा अर्चना की।

# ईद उल अजहा के लिए कुकरा अति संवेदनशील, कुर्बानगाहों के 10 प्वाइंट


कुकरा पुलिस चौकी की बैठक में बोलते तहसीलदार सुखवीर सिंह। • अमृत विचार

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** थाना मैलानी पुलिस बल के साथ तहसीलदार सुखवीर सिंह ने कस्बा कुकरा की पुलिस चौकी परिसर में कस्बा की मस्जिदों के इमाम, मदरसों के सदर तथा अंजुमन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्क निगाह रहेगी। किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

तहसीलदार सुखवीर सिंह ने कहा कि कुर्बानी के मांस को खुले में न डालें और खुली जगह में कुर्बानी न हो। बचे अवशेषों का निस्तारण करने के लिए बस्ती के बाहर सुपुर्देखाक करें। थानाध्यक्ष मैलानी निराला तिवारी ने कहा कि कस्बा में कुर्बानगाहों के 10 प्वाइंट हैं। प्रत्येक कुर्बानगाह की ड्रोन कैमरे से निगरानी होगी। कुर्बानी के जानवर का वीडियो यदि वायरल होता है तो ऐसे अराजक तत्व पर कार्रवाई की जाएगी, सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने पुलिस बल के साथ कुर्बानी स्थलों का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को निर्देश दिए।

बैठक में मौलाना सआदत रसूल, मौलाना मोहम्मद हनीफ कासमी, हाफिज अबदुस्सलाम अंसारी, मौलवी रौनक अली, हाफिज वली मोहम्मद, हाफिज अबरार हुसैन, मौलाना अनवार, हाफिज शकील अहमद, शमीम खान, प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन आदि के साथ चौकी प्रभारी अबलीश पंवार मौजूद रहे।

# लहरपुर रूट पर बसों का संचालन बंद

## लखीमपुर डिपो की लहरपुर से लखनऊ चलती थीं सात बसें, लखनऊ के लिए सीधी थी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लखीमपुर से लहरपुर और फिर लखनऊ तक जाने वाली लखीमपुर डिपो की बसों का संचालन बंद हो गया है। इस रूट पर सुबह के समय सात अनुबंधित बसें दौड़ रही थीं। इससे जहां रोडवेज को राजस्व प्राप्त हो रहा था तो लहरपुर वासियों को लखनऊ जाने के लिए सीधी बस सेवा मिल रही थी। मगर, अधिकारियों के इन बसों के संचालन पर ब्रेक लगा देने से मुसाफिर प्राइवेट बसों में धक्के खाकर यात्रा करने के लिए मजबूर हो गए हैं।

ग्रामीणों को रोडवेज बसों से सफर करने की सुविधा देने के लिए योगी सरकार ने तमाम रूटों पर बस संचालन शुरू कराया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर यात्रा सुविधा मुहैया कराना था। इसके तहत जनपद के कई ग्रामीण रूटों पर बस चलनी शुरू हुई। लखीमपुर डिपो प्रशासन ने शासन की इस मुहिम के तहत लखीमपुर से लहरपुर और लखनऊ के लिए सात बसें चलाईं। रोडवेज की अनुबंधित बसों के चलने से इस रूट के मुसाफिरों को बेहतर यात्रा सुविधा के साथ प्रदेश मुख्यालय तक के लिए सीधी बस सेवा मिलना शुरू हो गई। मगर, पिछले दिनों हरदोई क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक के आदेश से लहरपुर से लखनऊ तक चल रही बसों में ब्रेक लग गया।


लखीमपुर बस अड्डे पर खड़ी रोडवेज की अनुबंधित बसें। • अमृत विचार

### लखीमपुर डिपो से संचालित होने वाली बसों का समय

लखनऊ तक हर 10 मिनट पर सुबह 4 से शाम 19 :30 तक

| | |
|---|---|
| किदवईनगर डिपो | सुबह 05 :00 |
| मिर्जापुर | 05 :50 |
| कानपुर | 09 :30, 14 :15 |
| बलिया | 17 : 30 |
| वाराणसी | 17 :45 |
| दिल्ली | 18 :30, 19 :30 एवं 20 :00 |

बसें लखीमपुर से लेकर किदवईनगर, मिर्जापुर, गोला एवं कौशांबी डिपो की हैं।

लखीमपुर से लहरपुर और लखनऊ के बीच सात बसें चल रही थी। आरएम के निर्देश पर इन्हें बंद कर दिया गया है। इन बसों को लखीमपुर, धौरहरा, गोला और लखनऊ के बीच चलाया जा रहा है। **-नफासत अली**, केंद्र प्रभारी लखीमपुर डिपो।

### बस संचालन के समय में किया गया बदलाव

लखीमपुर से लहरपुर और लखनऊ जाने वाली बसों का संचालन बंद होने से इस रूट की बसों को लखीमपुर गोला, धौरहरा और लखनऊ रूट पर चलाया जा रहा है। इससे इन रूट पर पहले से चल रही बसों के समय में बदलाव किया गया है। रोडवेज प्रशासन की ओर से जारी नवीन समय सारिणी के अनुसार लखनऊ के लिए सुबह चार से शाम 07 :30 बजे तक हर 10 मिनट पर बस मिलेगी। इसके अलावा अन्य डिपो की बसों से मिर्जापुर, किदवईनगर, दिल्ली और कानपुर जाने के लिए बसें हैं।

# गुरुवार को दिन में आठ घंटे गुल रही बिजली, लोग रहे परेशान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- एसडीओ को नहीं मालूम कब आएगी बिजली, जेई नहीं उठाते फोन

**अमृत विचारः** उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना बेहाल है। दिन में आठ से 10 घंटे हो रही अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली दफ्तर में विद्युत कटौती के बारे में पता करने पर एसडीओ कुछ बता पाने में असमर्थता जताते हुए कहते हैं इस बारे जेई बता सकते हैं और उनका फोन कभी उठता ही नहीं है।

उमस और गर्मी के बीच हो रही आठ से 10 घंटे अघोषित बिजली कटौती ने लोगों को रुला दिया है। नगर में फीडर नंबर एक से पोषित बिजली दो दिन से सुबह 10 बजे ही काट दी जाती है और शाम को 6 बजे के बाद ही चालू हो पाती है। शाम को बिजली आने पर एकदम लोड बढ़ने पर फिर से ट्रिपिंग शुरू हो जाती है जो घंटों तक चलती रहती है। इसके चलते भीषण गर्मी में दोपहर में लोगों का जीना मुश्किल हो जाता है। आठ घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पेयजल की भी समस्या बनी हुई है। उपभोक्ता किसी तरह दिन में उमेश भरी गर्मी काट लेते हैं पर देर शाम बिजली आने के बाद रात में भी बिजली कटौती का सिलसिला पूरी रात चलता रहता है, जिससे लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाती है। बिजली विभाग विद्युत कटौती के नाम पर कभी जर्जर तार बदलने, कभी हाईटेंशन लाइन का कार्य होने, कभी रोस्टिंग के नाम पर कटौती करते रहते हैं।

जब इस संबंध में एसडीओ एन मनोश से फोन पर पूछा तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में जेई शिवम पांडे से बात करो, वही बता पाएंगे। जब उनका फोन 9415901190 लगाया तो हमेशा की तरह बेल जाने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# कागजों तक सीमित है स्वच्छ भारत मिशन

संवाददाता, बेलरायां

**अमृत विचारः** ब्लॉक निघासन की ग्राम पंचायत सुथना बरसोला की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। सफाई कर्मियों के न आने से गांव में गंदगी का अंबार लगा है। आलम यह है कि जगह जगह लगे गंदगी ढ़ेर और बजबजाती नालियां ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। वहीं इनकी वजह से गांव में संक्रामक बीमारियों के पनपने की संभावना बन रही है।

शासन की तमाम विकास योजनाओं के बावजूद गांव की सड़क जर्जर और नालियां टूटी हैं। वहीं सफाई कर्मियों के न आने से नालियां गंदगी से भरी हैं। स्थिति यह है कि सड़क पर गड्ढे हो चुके हैं और उनमें नालियों का गंदा पानी भरा है, जिससे दुर्गंध आती है। सफाई न होने के कारण नालियां घास-फूस से पटी हैं। यह हालात न केवल बीमारियों को न्योता दे रहे हैं, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान में भी पलीता लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या का निराकरण कराने के लिए कई बार प्रधान को अवगत कराया, लेकिन हर बार प्रस्ताव भेजा गया का आश्वासन मिला।ग्राम पंचायत में सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। मोहल्ला बगिया में गंदगी से जहां नालियां पटी हैं तो वहीं सुथना में नालियां टूटी होने की वजह से बरसोला चौराहा पर पानी भरा रहता है।


करकट और घास उगने से जाम नाली। • अमृत विचार

- गांवों में फैली गंदगी ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत
- संक्रामक बीमारियां पनपने की बन रही आशंका

आवश्यकतानुसार कराई जाएगी सफाई ग्राम पंचायत में सफाई कार्य शुरू करा दिया गया है। इसके अलावा जहां पर सफाई कराने की जरूरत होगी वहीं पर कराई जाएगी। **-राजेश कुमार**, ग्राम विकास अधिकारी।

# ज्ञान ज्योति जलाने का पर्व है गंगा दशहरा और गायत्री जयंती

**मितौली, अमृत विचारः** मितौली कस्बा स्थित दुधवा सती मंदिर परिसर में शांति कुंज हरिद्वार के प्रशिक्षित आचार्य अमर पाल के नेतृत्व में गायत्री परिजनों ने सर्व प्रथम वेद माता गायत्री, भगौती देवी शर्मा व आचार्य श्री राम शर्मा के चित्रों पर माल्यार्पण कर पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आरंभ किया गया।

आचार्य अमरपाल सहयोगी व आचार्य अजय मिश्र ने ने कहा कि गुरु मार्गदर्शन में की गयी गायत्री साधना से साधक के पाप कटते हैं।

कुसंस्कार जलते और जीवन कठिनाइयों से मुक्त होकर सौभाग्य से भरता है, जो साधक मां गायत्री और मां गंगा की अविरलता का योग बनाकर जप साधना करते हैं, उनमें प्राणशक्ति का अपार अभिवर्धन होता

# ध्वस्त किया जा रहा रोडवेज का पांच दशक पुराना भवन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मोहम्मदी में सालों पुराने रोडवेज बस अड्डे की जगह पर नया भवन बनेगा। इसके लिए जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण शुरू हो गया है। नए भवन का निर्माण कराने के लिए करीब चार करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। नवीन बस अड्डे पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया होंगी। कार्यदायी संस्था के मुताबिक भवन निर्माण में करीब एक साल का समय लगेगा।

मोहम्मदी कस्बे में रोडवेज बस अड्डे का निर्माण 1972 में होना बताया जाता है। 53 साल पहले बना भवन अब काफी जर्जर हो चुका था। इसमें न तो यात्रियों के रुकने की कोई सुविधा थी और न ही स्टाफ की। बारिश आदि के मौसम में स्टाफ के लोग जान जोखिम में डालकर काम करने के लिए मजबूर थे। रोड से काफी नीचे में होने के कारण बारिश के दौरान बस अड्डा परिसर जलमग्न हो जाता था। ऐसे में चालक परिचालक रोड पर बसों को खड़ा कर यात्रियों को उतारते बैठाते थे। वहीं बस अड्डे पर ड्यूटी करने वाले रोडवेज कर्मी गंदगी के बीच काम करने के लिए मजबूर होते थे। हालांकि एक साल बाद मोहम्मदीवासियों को नया बस अड्डा मिल जाएगा। इसके लिए पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त करने का काम शुरू हो गया। नया भवन बनने में करीब एक साल का समय लगेगा।


मोहम्मदी में ध्वस्त हो रहा जर्जर रोडवेज बस अड्डे का भवन। • अमृत विचार

### नियमित रूप से मिलें बसें तो बने बात

कस्बा वासियों का कहना है कि रोडवेज बस अड्डा सिर्फ कहने के लिए है। बस अड्डे का संचालन गोला डिपो के अंतर्गत होता है। यहां से बसें सिर्फ दिन में ही मिलती हैं। सूरज ढलने के बाद न तो गोला, लखीमपुर व लखनऊ के लिए बस मिलती है और न ही शाहजहांपुर एवं बरेली के लिए।

- करीब चार करोड़ की लागत से होगा पुनर्निर्माण
- यात्रियों को बस अड्डे पर मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

प्राक्कलन समिति की बैठक में रोडवेज बस अड्डे के लिए नवीन भवन निर्माण का प्रस्ताव रखा था। विशेष सचिव पूर्णदेव उपाध्याय ने निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इसके निर्माण में करीब चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। बस अड्डे पर यात्रियों को सुलभ शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय से लेकर कर्मचारियों और मुसाफिरों के ठहरने के लिए कमरों का निर्माण होगा। **-लोकेंद्र प्रताप सिंह** विधायक मोहम्मदी एवं पंचायती राज सभापति।

बस अड्डा का भवन काफी जर्जर हो चुका था। इसकी जगह पर नया भवन बनने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए पुराने भवन को ध्वस्त किया जा रहा है। बस अड्डा 1972 में बना बताया जाता है। **-राम लड़ैते केंद्र प्रभारी**, मोहम्मदी बस अड्डा।

# उच्च रक्तचाप नियंत्रित रखने को स्वस्थ जीवन शैली जरूरी



सीएचसी में पोस्टर के साथ लोगों को जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सीएचसी में 17 मई से 16 जून तक चलाए जा रहे विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के 20वें दिन विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को वॉकाथन का आयोजन कर उच्च रक्तचाप नियंत्रित करने के लिए लोगों को जानकारी देते हुए डॉक्टरों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह दी।

विश्व उच्च रक्तचाप जागरुकता माह के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत गुरुवार को सीएचसी में उच्च रक्तचाप के बारे में जागरुकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एचसीएनसीडी क्लीनिक द्वारा वॉकाथन के आयोजन में अधीक्षक गणेश कुमार ने बताया कि उच्च रक्तचाप जैसे गैर संचारी बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि उच्च रक्तचाप एक आम बीमारी है, जो दिल के दौरे और स्ट्रोक का प्रमुख जोखिम कारक है। इसे नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाना महत्वपूर्ण है, जिसमें नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव कम करना और धूम्रपान से बचना जरूरी है। एनसीडी क्लीनिक के चिकित्सक डॉ. देवराज वर्मा, स्टाफ नर्स जाविरी देवी ने लोगों को उच्च रक्तचाप की जांच एवं नियंत्रित करने के बारे में बताया। एनसीडी काउंसलर मंजीत सिंह ने स्वस्थ जीवन शैली और व्यायाम के लाभ के बारे में जानकारी दी। वॉकाथन कार्यक्रम में सीएचसी स्टाफ एवं आशाएं मौजूद रही।

# गांव अभयपुर में संदिग्ध हालात में गर्भवती की मौत

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचारः** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव अभयपुर में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर पाया गया। मृतक महिला के मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस जांच करने में जुटी है।


मृतका सुहाना।

धौरहरा कस्बे के मोहल्ला फतेह नगर निवासी अरमान पुत्र बराती ने बताया कि उसकी पोती सुहाना (25) पुत्री दुमनि का निकाह तीन वर्ष पूर्व पढुआ थाना क्षेत्र के अभयपुर गांव निवासी तौफीक के साथ हुआ था। आरोप है कि तौफीक अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग कर रहा था, लेकिन आर्थिक स्थिति गड़बड़ होने के कारण मायके वालों ने बाइक देने से इंकार कर दिया था। इससे नाराज ससुरालीजनों ने उसकी पोती की हत्या कर दी। सूचना पाकर जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो देखा पोती सुहाना का शव घर में पड़ा था। वह तीन महीने के गर्भ से थी। शव देखकर मायके वालों में चीख-पुकार मच गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पढुआ पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। यदि हत्या की पुष्टि होती है तो एफआईआर दर्ज की जाएगी।


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। • अमृत विचार

- मायके वालों ने लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

# मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सिविल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर प्रांतीय खंड निर्माण खंड -1 के अधिशाषी अभियंता केके झा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि कार्य पूर्ण होने के बाद ही अतिरिक्त धरोहर धनराशि वापस की जाए। कार्य पूर्ण होने के बाद भी चालू देयक दिए जाते हैं, जिससे ठेकेदारों की धरोहर धनराशि अवमुक्त नहीं की जाती है। चालू देयक बिल न देकर अंतिम देयक प्रस्तुत किया जाए, जिससे ठेकेदारों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। अनुबंध गठित के बाद ही कार्य पर आवंटन की धनराशि शीघ्र डिमांड की जाए। अग्रिम धरोहर धनराशि एफडीआर जमा करने के बाद ऑनलाइन 10 प्रतिशत जमा धनराशि तत्काल वापस की जाए। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार, विवेक त्रिपाठी, अरुण कुमार सिंह, भुवन कुमार गुप्ता, मोहम्मद शफीक, संजय गुप्ता आदि रहे।

# किसानों ने सीखी गन्ने की उन्नत खेती की तकनीक


गांव धौरहरा में गन्ने के उत्पादन के बारे में जानकारी लेता किसानों का दल। • अमृत विचार

संवाददाता, खंभारखेडा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक गन्ना पुष्पेंद्र ढाका व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खम्भारखेड़ा सुरेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर 60 किसानों के दल को बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट कुम्भी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए रवाना किया।

किसानों के दल ने ग्राम धौरहरा, दुगहा, ऐंठापुर तथा शंकरपुर का भ्रमण कर उन्नत तकनीकों से की जा रही गन्ने की खेती को प्रत्यक्ष रूप से देखा। गांव ऐंठपुर निवासी प्रगतिशील किसान आलोक शुक्ला सहित अन्य प्रगतिशील किसानों के खेतों में गन्ना प्रजाति को. 15023, को.लख.-14201, को.- 0118, को.शा.-13235, एवं को.लख.. 16202 किस्मों की ट्रेंच विधि से की गई गन्ने की बुवाई देखी। किसान आलोक शुक्ला ने किसानों को मृदा प्रबंधन, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी के प्रयोग और पेड़ी गन्ने के सफल प्रबंधन की व्यवहारिक जानकारी दी। साथ ही आधुनिक यंत्रों को दिखाकर उनका प्रयोग बताया।

## एक नजर

### क्षेत्र के भ्रमण पर निकला 45 किसानों का दल

**महंगापुर/संपूर्णानगर खीरी, अमृत विचार :** संपूर्णानगर किसान सहकारी चीनी मिल के 45 किसानों का दल बजाज चीनी मिल पलिया और गुलरिया चीनी मिल के एक्सपोजर क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए रवाना हुआ। संपूर्णानगर चीनी मिल के उपसभापति इंद्रदीप सिंह बटन, सीसीओ उदयभान सिंह, सचिव गंगाराम आदि ने बस को हरी झंडी दिखाकर किसानों को रवाना किया। किसानों ने पलिया बजाज चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम गदनियां व बलरामपुर चीनी मिल गुलरिया क्षेत्र के ग्राम जगदेवपुर गढ़ी फार्म व भानपुर में उन्नतिशील खेती देखी और उसके करने आदि की जानकारी ली।

### दो डंपर, एक जेसीबी को खनन अधिकारी ने किया सीज

**बांकेगंज, अमृत विचार :** अवैध रूप से बालू मिट्टी का डंपरों से खनन होने की सूचना पर खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बांकेगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में छापामारी कर दो डंपर, एक जेसीबी को सीज कर दिया है। खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि बुधवार की रात को मोबाइल के माध्यम से उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि बाकेगंज क्षेत्र में राजनरायनपुर गांव के पास जेसीबी से खोदाई कर अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य डंपरों से किया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही सहकर्मियों के साथ बांकेगंज पहुंचकर मौके पर दो डंपर तथा एक जेसीबी मशीन को सीज कर चौकी पुलिस को सुपुर्द कर दिया है जिसके कारण अवैध रूप से खनन में लगे माफियाओं में खलबली मच गई है।

# सोने की ईंट का झांसा दे व्यापारी से 19.50 लाख ठगे

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** दिल्ली के एक व्यापारी को उसकी पत्नी की बीमारी ठीक करने के अलावा सोने की ईंट देने का झांसा देकर ठगों ने दो महीने पहले उससे साढ़े 19 लाख रुपये ठग लिए। उन्होंने व्यापारी को ठगने के लिए तंत्र-मंत्र का दिखावा किया। अब तक वे उसको पत्नी के धीरे-धीरे ठीक होने का झांसा देते रहे। शक होने पर व्यापारी ने ईंट की जांच कराई तो वह नकली निकली। गुरुवार को निघासन पहुंचे व्यापारी ने इरफान नाम के युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

दिल्ली के कृष्णानगर निवासी प्रॉपर्टी और फाइनेंस का बिजनेस करने वाले व्यापारी नरेश कुमार जैन ने बताया कि उनकी पत्नी को किडनी संबंधी बीमारी है। इसकी जानकारी निघासन इलाके के कुछ जालसाजों को हो गई और वह उनको तीन महीने पहले बार-बार फोन करके निघासन बुलाने लगे। फोन करने वाले ने अपना नाम संजय यादव बताते हुए उनकी पत्नी की खराब किडनी हवा और तंत्र-मंत्र से सही करने के साथ ही एक करोड़ रुपये की सोने ईंट देने की बात कही।


सोने की नकली ईंट।

इसमें 10 से 15 लाख रुपये का खर्च बताया। वह 23 मार्च को 10 लाख रुपये लेकर उससे मिलने पलिया आए और होटल लैंडमार्क में रुके। वहां वह युवक उनसे मिलने पहुंचा। उसने उनको अगले दिन निघासन में ढखेरवा रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप पर 11 लाख रुपये लेकर आने को कहा। उन्होंने पलिया के एक दुकानदार को ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर करके एक लाख रुपये नकद लिए और 24 मार्च को निघासन रिलायंस पेट्रोल पंप पहुंचे। वहां कार से पहुंचा युवक उनको पलिया रोड पर किसी मजार पर ले गया। वहां एक फकीर को अपना गुरु बताकर उसने पत्नी की बीमारी की बात कही। युवक ने उनसे 11 लाख रुपये, छह लाख रुपये कीमत की एक रोलेक्स घड़ी और ढाई लाख रुपये की हीरे की अंगूठी ले ली। इसके बदले में उनको एक किलो की एक करोड़ रुपये कीमत वाली सोने की कथित ईंट दी। उसके बाद उनको दिल्ली वापस भेज दिया। शक होने पर व्यापारी ने जब जांच कराई तो तो ईंट नकली निकली।

- दिल्ली के व्यापारी ने एक आरोपी के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर


व्यापारी नरेश कुमार जैन।

पत्नी को भी कोई फायदा नहीं हुआ। इससे उनको अपने साथ ठगी होने का पता चला। उन्होंने बताया कि उसे पता चला है कि संजय यादव बताने वाले युवक का असली नाम इरफान है और वह निघासन कोतवाली के मिर्जागंज गांव का रहने वाला है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल महेश चंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

## एक नजर

### शराबी बेटे ने फांसी लगाकर दी जान

**सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव पंथी निवासी 19 वर्षीय छोटे लाल शराब का आदी था। बुधवार की रात वह शराब पीकर घर पर आया। उसके पिता राजेंद्र ने शराब पीने को लेकर डांट दिया। इसी बात पर उसका पिता से विवाद हो गया। छोटे लाल रात में खाना खाने के बाद मकान की छत पर सोने गया। देर रात वह उठकर नीचे आया और उसने छप्पर की धन्नी में दुपट्टे से फंदा लगाकर उस पर लटक गया। परिवार वालों ने ही उसका शव लटका हुआ देखा। मृतक छोटे लाल की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी के पैसे की शराब पी जाता था। सूचना पर पुलिस ने भी मौके पर जाकर पड़ताल और परिवार वालों से पूछताछ की।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्टेशन पर प्लेटफार्म तीन पर रेल लाइन पार करते समय एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आकर कटकर घायल हो गया। उसका एक पैर कट गया। आरपीएफ और जीआरपी ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

### तीन साल के मासूम को उठा ले जाने का आरोप

**परौर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दहिलिया निवासी सत्यप्रकाश का तीन वर्षीय पुत्र अनूप अपने दरवाजे पर खेल रहा था। उसकी मां भी दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच गांव का ही युवक बाइक से आया और उसके पुत्र की उठाकर भाग निकला। बच्चे की मां ने शोर मचाया। आसपास के लोग भी शोर मचाते हुए बाइक के पीछे भाग खड़े हुए। तभी बाइक सवार युवक उसके पुत्र अनूप को उसके घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर दहेलिया तिराहे पर छोड़कर भाग गया। परिजनों ने थाने पर शिकायत की तो पुलिस ने आपस में समझौता करा दिया। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार कि घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# ज्येष्ठ दशहरा: गौरीशंकर बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार

## दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु, शहर में कई जगह हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे भक्त, ब्रह्म मुहूर्त में लोगों ने किया स्नान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह में पड़ने वाला गंगा दशहरा जनपद भर में धूमधाम से मनाया गया। दिनभर धार्मिक आयोजन चलते रहे। कुछ लोगों ने ब्रहमुहूर्त में पवित्र नदियों में पारंपरिक स्नान कर मनौतियां मांगी। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने जल और फल दान कर सुख और समृद्धि की प्रार्थना की। जगह-जगह शरबत और शीतल जल के प्याऊ लगाए गए। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने को भक्तों की भीड़ रही। इधर, गौरीशंकर मंदिर में छप्पन भोग और बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया, जहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

शहर के ब्रह्मचारी घाट पर निर्माण और आयुर्वेदिक कॉलेज रोड पर निर्माण कार्य के चलते यातायात बाधित रहा। कम श्रद्धालु ही स्नान के लिए पहुंचे। कुछ परिवार ब्रह्ममुहूर्त में सपरिवार गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचे और हर हर गंगे का जयकार लगाते हुए देवहा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने के बाद लोगों ने गंगा पूजन कर आरती कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मनोकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की गई। वहीं हनुमान मंदिरों में देर शाम तक भजन संध्या का आयोजन चला। प्रभु के भजनों का गुणगान हुआ। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में शहर के गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजन किया गया। शहर के लाल रोड, जाटो चौराहा, नौगवां चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा, स्टेशन रोड पर कई जगह प्याऊ लगाया गया। इधर, गौरीशंकर मंदिर में भी बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुबह से ही बाबा के दर्शन करने और आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। शाम साढ़े 7 बजे महंत जय शंकर शर्मा ने श्रद्धालुओं के साथ बाबा को छप्पन भोग लगाया। इसके बाद आरती की गई। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं शामिल रहे। देर शाम तक पूजन का सिलसिला चलता रहा।


गौरीशंकर मंदिर में बाबा का किया गया अलौकिक श्रृंगार। ● अमृत विचार


ब्रहमचारी घाट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में परिवार संग पूजा अर्चना करते लोग।

### लिलहर के शिव सरोवर में लगाई भक्तों ने डुबकी

**बिलसंडा, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने छोटी काशी के रूप में प्रख्यात गांव लिलहर स्थित शिव सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई। भगवान नीलकंठ के मंदिर में प्रसाद चढ़कर मनौतियां मांगी। सुबह से ही सरोवर पर भक्तों की भीड़ उमड़ी। दूर-दराज से लोग पहुंचे और स्नान कर पूजा अर्चना की गई। बताते हैं कि लिलहर मेले में आने वाला हर भक्त जलेबी जरूर लेता।या तो वह खाता है,या फिर अपने साथ घर ले जाता है। चाट की दुकानों पर भी खूब भीड़ रही। इसके अलावा बमरोली के सूर्यकुंड महुआ ताल,तिलसंडा के शिव मंदिर ,खन्नौत नदी,सिद्धनाथ आश्रम, मुड़िया गांव के देवी मंदिर पर भी मेला लगा। ब्राह्मणों को दान पुण्य देकर लाभ अर्जित किया। उधर गंगा दशहरा पर पंकज गुप्ता, अक्षय सिंह समेत लोगों ने शरबत का प्याऊ भी लगाया।

# पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज, तलाश तेज

संवाददाता, मैगलगंज

- गांव ककरहा निवासी रोली देवी की हत्या का मामला
- गांव से करीब दो किलोमीटर दूर गन्ने के खेत में मिला था शव

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव ककरहा निवासी रोली देवी हत्याकांड में पुलिस ने मृतका के पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है, लेकिन वह अभी पुलिस के हाथ नहीं आ सका है।

गांव ककरहा निवासी रोली देवी (28) की शादी 10 साल पहले मोहम्मदी कोतवाली के गांव मजरा पोस्ट गुलरिया निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र रामऔतार के साथ हुई थी। विवाह के बाद जन्मे पुत्र की जल्दी मौत हो गई थी। ससुराल वालों ने मिर्गी आने का दावा करते हुए रोली देवी को घर से निकाल दिया था। वह अपने मायके में ही रह रही थी। सोमवार देर शाम शौच जाने की बात कहकर घर से गई थी, लेकिन अगले दिन सुबह उसका गांव से करीब दो किलोमीटर दूर गन्ने के खेत में अर्धनग्न हालत में शव बरामद हुआ था। उसकी बालों की चोटी से गला दबाकर हत्या की गई थी। नाक और चेहरे पर भी चोट के गहरे निशान थे। हालांकि पुलिस हत्या की बात से इंकार कर रही थी। उसका कहना है कि रोली देवी को मिग्री आती थी। इससे ही उसकी मौत होने की संभावना जताई थी। तीन डॉक्टरों के पैनल से हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या होने की बात सामने आने पर पुलिस बैकफुट पर आ गई। पुलिस ने मृतक महिला के पिता अहिबरन की तहरीर पर उसके पति देवेंद्र कुमार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित स्थानों पर छापे मार रही हैं, लेकिन घटना के बाद से आरोपी पति फरार है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सिंगहा कलां के दो घरों से दो लाख की चोरी

**सिंगाही, अमृत विचार:** नगर में मकान का ताला तोड़कर नकदी-जेवर समेत पांच लाख रुपये की चोरी की घटना को सात दिन ही बीत पाए कि चोरों ने गांव सिंगहा कलां में धावा बोल दिया। चोर दो घरों से नगदी समेत करीब दो लाख रुपये के सामान चोरी कर ले गए। दोनों घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

गांव सिंगहा कलां निवासी जयदेवी ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रही थीं। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए। घर में रखे 21,800 रुपये नकद, करीब 20 किलो वजन का पीतल का बटुला, एक सोने की मटर माला, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी पायल, कुंडल, एक क्विंटल लाही समेत करीब डेढ़ लाख से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। सुबह सोकर उठने पर चोरी की जानकारी हुई। कमरे में बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गए। दूसरी घटना गांव में ही रामदेवी के घर हुई। यहां से चोर 5,000 रुपये नकद, एक मटर माला समेत करीब 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

> पुलिस मौके पर गई थी। जांच की जा रही है। खुलासे में लगाई गईं टीम जांच कर रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरियों का खुलासा किया जाएगा। -**अजीत कुमार**, एसओ।

# श्रीगणेश व शनि शिला की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**निघासन, अमृत विचार:** कस्बे के मुख्य चौराहे पर श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में गुरुवार को भगवान श्रीगणेश और शनि की शिला की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सुबह से शुरू हुआ, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। पूजन का कार्य पंड़ित हिमांशु शुक्ल एवं वैदिक आचार्यों ने संपन्केन कराया। इस दौरान सुशीला देवी जायसवाल,

नीरज जायसवाल, संजय जायसवाल, राधा जायसवाल, सन्नी जायसवाल, प्रिया जायसवाल, हरिशंकर शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, कौशल शर्मा, मोनू दीक्षित, दिनेश गिरि, कू शुक्ला, उमाशंकर मौर्य, आदि लोग मौजूद रहे।

# गोमती आरती में लिया हिस्सा, परिसर में रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर गोमती उद्‌गम स्थल पर वन विभाग की नमामि गंगे परियोजना द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम एवं नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गोमती आरती व पौधारोपण से की गई। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व अन्य सभी को मां गंगा की स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें गोमती नदी की शुद्धता, संरक्षण एवं आस्था का संदेश दिया गया।

माधोटांडा स्थित गोमती उद्‌गम स्थल पर गुरुवार शाम एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत हुए कार्यक्रम की शुरूआत श्रमदान से हुई। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीएफओ भरत कुमार डीके समेत अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने झाडू लगाकर उदगम स्थल पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उदगम स्थल परिसर में सिंदूर, मॉलश्री, पीपल, शीशम, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान डीएम ने गोमती उद्‌गम स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सब मिलकर प्रयास करेंगे तो हम अपने प्रयासों में सफल होंगे। उन्होंने सभी से प्लास्टिक मुक्त गोमती उद्‌गम स्थल बनाने की अपील की। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति सौरभ सिंह, जिला पर्यावरण समिति जेआरएफ आदर्श कुमार, गोमती सेवक योगेश्वर सिंह, निर्भय सिंह सहित विकास, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं वन अफसर मौजूद रहे।


गोमती आरती करते विधायक बाबूराम पासवान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व अन्य।

# पालिकाध्यक्ष ने रवाना कीं कूड़ा गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में नगर पालिका कार्यालय में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आठ नए कूड़ा उठाने वाले वाहनों को पालिका कार्यालय से रवाना किया गया। पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने पर्यावरण जागरूकता और पर्यावरण संबंधी शपथ सभासदों और कर्मचारियों को दिलाई।

गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, ईओ संजीव कुमार ने सभासदों के साथ विभिन्न फलदार और शोभा बढ़ाने वाले पौधे रोपित किए। शहर में कूड़ा उठाने वाले आठ वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया गया।


कूड़ा उठाने वाले वाहनों को रवाना करातीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

- नगर पालिका कार्यालय में रोपित किए गए फलदार व छायादार पौधे, सभासद भी पहुंचे

इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करने, पेपर बैग और कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने, पर्यावरण की सफाई का ध्यान रखने, कम से कम कचरा करने, अधिक पेड़ लगाने, ऊर्जा और पानी का संरक्षण करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन कुमार, निर्मल सिंह, शरीफ अंसारी निजाकत अली कादरी, विकास, अवतार सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बंडा क्षेत्र में एक महिला का शव कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ मिला। पति ने उसका शव उतार लिया। मृतका एक माह पूर्व पति को छोड़कर दूसरे युवक के पास चली गई थी और बतौर पत्नी के रूप में रह रही थी। मृतका के भाई ने पति पर मार डालने का आरोप लगाया है।

थाना सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव महमूदापुर निवासी 25 वर्षीय निशा देवी की शादी चार साल पहले सिंधौली क्षेत्र में ही अहिवरन के साथ हुई थी। बताते है कि करीब एक माह पूर्व निशा बंडा थाना क्षेत्र के गांव बिलरिमपुर के रहने वाले रामजीत के साथ चली गई थी। वह उसके साथ पति के रूप में रहने लगी थी। बुधवार की रात आठ बजे उसने कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर जान दे दी। रामजीत ने निशा का शव पुलिस को बिना सूचना दिए उसका शव नीचे उतार लिया। निशा के भाई बबलू ने बताया कि बंडा से उसे फोन पर सूचना मिली कि निशा की मौत हो गयी है। वह परिवार वालों के साथ बिलरिमपुर गांव में गया तो वहां निशा का शव जमीन पर पड़ा मिला। उसका आरोप है कि उसकी बहन के शरीर में चोट के निशान है। बताया कि मंगलवार को निशा ने फोन करके बताया कि रामजीत उसको मारता पीटता है आकर ले जाओ। बताया कि उसे जाना था लेकिन रात में उसकी मौत की खबर मिल गयी। आरोप है कि रामजीत ने उसकी बहन को मारा पीटा और फंदे से लटका दिया।

# मूंगफली बीनने गए भाइयों की करंट से मौत

संवाददाता, कुर्रिया कला/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खेत पर मूंगफली बीनने गए दो भाइयों की करंट लगने से मौत हो गई। एक भाई का हाथ बिजली के तार में छू गया और वह झुलसने लगा। दूसरे भाई ने उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतकों ने स्वयं अपने खेत में लोहे के तार में करंट छोड़ रखा था।

कांट थाना क्षेत्र के बमरौली गांव निवासी 35 वर्षीय धर्मवीर गुरुवार की सुबह अपने खेत पर मूंगफली बीनने गए थे। उनके खेत के किनारे लोहे के तार लगे हुए थे। लोहे के तार में करंट आ रहा था। धर्मवीर को ध्यान नहीं था कि लोहे के तार में करंट है। उसने लोहे के तार को छुआ तो अचानक लगे करंट में वह चिपक गया। उसका छोटा भाई 30 वर्षीय सत्यवीर भाई को बचाने के लिए गया तो उसे भी करंट लग गया। दोनों भाइयों ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़कर आए और दोनों भाइयों को डंडा मारकर छुड़ाया। इसके बाद लोहे के तार में जुड़े बिजली के तार को डंडा मारकर तोड़ दिया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और दोनों भाइयों को लेकर सीएचसी पर आए। डाक्टर ने दोनों भाइयों को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां डाक्टर ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर गए और जांच करने के बाद परिजनों से पूछताछ की। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


घर में शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

- खेत में फसल की सुरक्षा के लिए दोनों भाइयों ने तारों में छोड़ा था करंट

# तीन को भेजा जेल, फिर भी गिरोह सक्रिय

**पुवायां, अमृत विचार:** बुधवार को पुलिस ने बाइक चुराने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गिरोह पकड़े जाने का दावा किया लेकिन शाम को ही अस्पताल से युवक की बाइक चोरी हो गई। अस्पताल परिसर में वाहनों की सुरक्षा के लिए दो सुरक्षा गार्डों की तैनाती है।

बुधवार देर शाम निगोही रोड निवासी अफरोज पुत्र रोशन अपनी पत्नी फरहीन को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले गया, बाइक को स्टैंड पर लगाकर वह पत्नी को भर्ती कराने चला गया। लगभग दो घंटे बाद जब वह बाहर निकला तो उसकी बाइक नदारद थी। युवक ने बाइक की काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बाइक चोरी की शिकायत की। बुधवार को ही पुवायां पुलिस ने छह बाइकें बरामद कर तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर गिरोह का खुलासा करने का दावा किया था।

# तेदुएं ने बछिया को बनाया निवाला

संवाददाता, खुटार

- पास की झाड़ियों में मिला बछिया का अधखाया शव
- वन विभाग व पुलिस को दी तहरीर, दहशत में ग्रामीण

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव गढ़िया सरेली निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उसके पिता मुन्ना लाल गांव के किनारे बने घर में वह अपने परिवार के साथ गांव में पुराने घर में रहता है। पिता ने नए घर में पशुओं के बांधने के लिए झोपड़ी डाल रखी है।

बुधवार रात खाना खाने के बाद पिता मुन्ना लाल, मां सुशीला देवी, बहन हंसमुखी और बहन की पुत्री अंशिका घर में सो गए। झोपड़ी में गाय व बछिया बंधी थी। मुन्ना लाल ने सुबह पांच बजे उठकर देखा तो बछिया नही थी जबकि आधी रस्सी वहीं मौजूद थी। मुन्ना लाल ने परिजनों व ग्रामीणों को जानकारी दी इसके बाद सभी बछिया की तलाश करने लगे तो बाग के किनारे झाड़ियों में बछिया का अधखाया शव मिला। मुकेश कुमार ने वन विभाग व पुलिस को सूचना दी। बताया कि उसके घर में बंधी बछिया को तेंदुआ रात में किसी समय घसीट कर ले गया और उसे अपना निवाला बना डाला। वन विभाग की टीम ने पगचिंह ट्रेस किए।


घर के पास मिले पग चिन्ह।


इसी रस्सी से बांधी गई थी बछिया।

### बछड़ा और किसान पर भी हमला कर चुका है बाघ

चार दिन पूर्व भी खुटार गोला रोड महुरैया गांव में बाघ द्वारा बछड़े पर हमला किया गया था हो हल्ला होने पर बाघ बछड़े को जख्मी हालत में छोड़कर भाग गया था। विगत 23 मई को भी बाघ ने गांव छापाबोझी के किसान के ऊपर हमला किया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग दहशत में

क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर आए दिन तेंदुआ व बाघ की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत है। क्षेत्र के गांव रायपुर पटियात, गढ़िया सरेली, सलनहा, छापाबोझी जसवंत नगर, बनकटा सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों के किनारे बाघ चहल कदमी करता नजर आ रहा है। लेकिन वन विभाग बाघ को आबादी क्षेत्र से खदेड़ने की जरूरत नहीं समझ रहा है वह कोई बड़ी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है।

**एक्शन** तत्कालीन बीडीओ, ग्राम प्रधान, सचिव समेत चार पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना

# रोजगार सेवक की संविदा समाप्ति का आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जॉबकार्ड धारकों द्वारा की गई कार्य की मांग को तवज्जो न देने पर लोकपाल मनरेगा ने पूरनपुर ब्लॉक के एक रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। वहीं मनरेगा अधिनियम के तहत अपबंधों को उल्लंघन करने पर तत्कालीन पूरनपुर बीडीओ, प्रधान, सचिव समेत चार पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना डालते हुए मनरेगा खाते में जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

मामला पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नौजल्हा नकटहा का है। ग्राम पंचायत के जॉबकार्ड धारकों ने विगत 25, 26 एवं 27 मार्च को मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार ग्राम पंचायत की परिधि में 05 किलोमीटर के अंदर मनरेगा के तहतकार्य की मांग रोजगार सेवक सुजीत कर्मकार से की थी। नियमानुसार रोजगार सेवक को जॉबकार्ड धारकों के द्वारा की गई कार्य मांग के पत्र को प्राप्त कर उसकी रसीद उपलब्ध कराने के साथ 15 कार्य दिवसों के अंदर जॉबकार्ड धारकों को कार्य उपलब्ध कराना चाहिए था। मगर, कार्य उपलब्ध कराना तो दूर, रोजगार सेवक ने जॉबकार्ड धारकों की डिमांड तक प्राप्त नहीं की। कार्य न मिलने पर कुछ जॉबकार्ड धारकों ने लोकपाल मनरेगा कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मनरेगा लोकपाल जीएल वर्मा ने तत्कालीन खंड विकास अधिकारी को पत्र जारी कर डिमांड पत्रों को संबंधित रोजगार सेवक को भेजते हुए डिमांड प्राप्त न करने का स्पष्टीकरण प्राप्त कर आख्या कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मगर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी द्वारा कोई आख्या उपलब्ध नहीं कराई गई। इधर मौजूदा खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण चाहा, मगर रोजगार सेवक ने उसका कोई जवाब नहीं दिया। इस पर लोकपाल मनरेगा ने स्वयं रोजगार सेवक से दो बार दूरभाष पर बात कर जॉबकार्ड धारकों की लिखित डिमांड न प्राप्त करने का कारण पूछा गया। जिस पर रोजगार सेवक ने कार्य नहीं करने की इच्छा जताई। हालांकि रोजगार सेवक द्वारा कार्य के डिमांड प्राप्त न करने की जानकारी ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक के सभी मनरेगा कर्मियों को भी थी। इसके बावजूद ग्राम पंचायत या ब्लॉक स्तर के मनरेगा कर्मियों द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया।

इधर, गुरुवार को लोकपाल मनरेगा जीएल वर्मा ने मामले में सख्त एक्शन लिया है। उन्होंने संबंधित रोजगार सेवक की संविदा सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। साथ ही उन्होंने मनरेगा अधिनियम की धारा 25 के तहत कार्यों के अपबंधों के उल्लंघन में तत्कालीन कार्यक्रम अधिकारी (बीडीओ) पूरनपुर शिरीष वर्मा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आदर्श कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार गौतम और ग्राम प्रधान राम जीवन सरकार पर एक- एक हजार रूपए जुर्माना/पेनाल्टी डालते मनरेगा खाते में जमा करने का आदेश दिए हैं।

> जॉबकार्ड धारकों द्वारा रोजगार सेवक पर कार्य की डिमांड करने के बाद भी कार्य उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत की गई थी। रोजगार सेवक की लापरवाही पाते हुए उसकी संविदा समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। इस मामले में तत्कालीन कार्यक्रम अधिकारी समेत चार पर एक-एक हजार रुपये पेनाल्टी डाली गई है। - **जीएल वर्मा**, लोकपाल मनरेगा।

